# 23 राजस्थानी भाषा व बोलियाँ

1. किस बोली को 'भीलों की बोली' कहा जाता है?
(1) ढूंढाड़ी (2) मालवी
(3) अहीरवाटी (4) बागड़ी

2. दादु पंथ का अधिकांश साहित्य किस बोली में है?
(1) ढूंढाड़ी (2) मालवी
(3) मारवाड़ी (4) मेवाती

3. राजस्थान के दक्षिणी पूर्वी भाग में किस बोली का प्रचलन है?
(1) हाड़ौती (2) बागड़ी
(3) नागरचोल (4) मेवाती

4. वीर रस में डिंगल काव्य की रचना का श्रेय किस जाति को है?
(1) गुर्जर (2) राजपूत
(3) ओसवाल (4) चारण व भाटों को

5. सोडवाड़ी, पाटवी, रतलामी, उमठवाटी आदि मुख्य उपबोलियाँ है?
(1) ढूंढाड़ी (2) मालवी
(3) मारवाड़ी (4) मेवाती

6. ग्रियर्सन ने बागड़ (डूँगरपुर–बाँसवाड़ा) में बोली जाने वाली बोली को कहा है?
(1) भीली (2) रांगड़ी
(3) मेवाड़ी (4) निमाड़ी

7. निमाड़ी व रांगड़ी किस बोली की उपबोली है?
(1) मेवाती (2) मालवी
(3) हाड़ौती (4) अहीरवाटी

8. राजस्थानी बोलियों का सर्वप्रथम वर्गीकरण करने वाले विद्वान थे?
(1) कर्नल जेम्स टॉड (2) एल. पी टेस्सीतोरी
(3) जार्ज ग्रियर्सन (4) मोतीलाल मेनारिया

9. राजस्थानी भाषा दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 14 सितम्बर (2) 21 फरवरी
(3) 11 जनवरी (4) 24 मार्च

10. तोरावाटी बोली प्रचलित है?
(1) नीम का थाना (2) कुचामन
(3) झुन्झुनू (4) बहरोड़

11. राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
(1) आनन्द कुमार स्वामी (2) कर्नल टॉड
(3) एल. पी. टेस्सीतोरी (4) जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन

12. ढूँढाड़ी बोली के प्रचलित विविध रूपों में निम्न में से कौन सा सही नहीं है?
(1) किशनगढ़ी (2) काठेड़ी
(3) चौरासी (4) खैराड़ी

13. राजस्थानी भाषा का सही विकास क्रम है–
(1) पाली, गुर्जरी अपभ्रंश, शोरसैनी , राजस्थानी
(2) पाली, शोरसैनी, गुर्जरी अपभ्रंश, राजस्थानी
(3) शोरसैनी, पाली, गुर्जरी अपभ्रंश, राजस्थानी
(4) शोरसैनी, गुर्जरी अपभ्रंश, पाली, राजस्थानी

14. डूँगरपुर–बाँसवाड़ा क्षेत्र में कौनसी भाषा बोली जाती है?
(1) मेवाड़ी (2) वागड़ी
(3) मालवी (4) काठेड़ी

15. अहीरवाटी और मेवाती बोलियाँ निम्न में से किस वर्गीकरण में आती है?
(1) उत्तरी राजस्थानी (2) उत्तर–पूर्वी राजस्थानी
(3) मध्य–पूर्वी राजस्थानी (4) दक्षिणी–पूर्वी राजस्थानी

16. किस भाषा से राजस्थानी का उद्‌भव हुआ है?
(1) मागधी प्राकृत (2) गुर्जरी अपभ्रंश
(3) नागर अपभ्रंश (4) महाराष्ट्री प्राकृत

17. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में मेवाती भाषा बोली जाती है?
(1) डूँगरपुर (2) सीकर
(3) भीलवाड़ा (4) अलवर

18. तोरावाटी किसकी उपबोली है?
(1) मारवाड़ी (2) ढूँढाड़ी
(3) मेवाड़ी (4) मेवाती

19. सोरठा छंद और माँड राग जिस बोली की शिल्पगत विशेषताएँ है, वह है?
(1) मारवाड़ी (2) मेवाड़ी
(3) हाड़ौती (4) ढूँढाड़ी

20. कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति के अनुसार महाराणा कुम्भा द्वारा रचित चार नाटकों में किस भाषा का प्रयोग किया गया था?
(1) मारवाड़ी (2) वागड़ी
(3) मेवाड़ी (4) हाड़ौती

21. उदयपुर, भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ में अधिकांशतः बोली जाती है?
(1) मारवाड़ी (2) मेवाड़ी
(3) थली (4) राठी

22. जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने राजस्थानी बोलियाँ का सर्वप्रथम वर्गीकरण अपनी किस पुस्तक में किया है?
(1) एशियन ऐन्टिक्वेरी (2) इंडियन ऐन्टिक्वेरी
(3) लिंग्विस्टक सर्वे ऑफ एशिया (4) लिंग्विस्टक सर्वे ऑफ इंडिया

23. 'इंडियन ऐन्टिक्वेरी' (1914–1916) नामक पुस्तक किस विद्वान द्वारा लिखी गई?
(1) जॉर्ज अब्राहम (2) एल.पी. टैस्सिटोरी
(3) के.एम. मुंशी (4) पुरुषोत्तम लाल मेनारिया

24. लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया में ग्रियर्सन ने राजस्थानी बोलियों को कितने भागों में बांटा है?
(1) 7 (2) 2
(3) 5 (4) 3

25. मुड़िया लिपि या महाजनी लिपि के अक्षरों का आविष्कारक किसे माना जाता है?
(1) टोडरमल (2) शिवचन्द्र भरतिया
(3) सीताराम लालस (4) महक सिंह

26. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) 'डिंगल शैली' में मारवाड़ी मिश्रित राजस्थानी भाषा का प्रयोग है।
(2) पिंगल शैली में ब्रज मिश्रित राजस्थानी भाषा का प्रयोग है।
(3) डिंगल शैली का सर्वप्रथम प्रयोग 'पिंगल शिरोमणी' में कुशल लाभ ने किया।
(4) डिंगल शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 'कुकवि बतीसी' में कवि मेह ने किया।

27. भारतीय भाषाओं में राजस्थानी भाषा का कौनसा स्थान है?
(1) 22वाँ (2) 18वाँ
(3) 8वाँ (4) 7वाँ

28. कौनसी बोली पश्चिमी हिन्दी व राजस्थानी के मध्य सेतु का कार्य करती है?
(1) हाड़ौती (2) मारवाड़ी
(3) तोरावाटी (4) मेवाती

29. निम्न में से पिंगल शैली में लिखा हुआ ग्रंथ नहीं है?
(1) पृथ्वीराज रासो (2) विजयपाल रासो
(3) राव जैतसी रो छंद (4) वंश भास्कर

30. कवि शारंगधर की रचना 'हम्मीर रासो' किस बोली में है?
(1) अहीरवाटी (2) मारवाड़ी
(3) मेवाड़ी (4) बागड़ी

31. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) मीरां के अधिकांश पद मारवाड़ी बोली में है।
(2) महाराणा कुम्भा की रचनाएँ मेवाड़ी बोली में है।
(3) दयाबाई व सहजोबाई का साहित्य मेवाती बोली में है।
(4) अली बक्शी ख्याल खैराड़ी बोली में है।

32. निम्न में से मारवाड़ी की उपबोली नहीं है?
(1) निमाड़ी (2) ढ़टकी
(3) ढ़ाटी (4) खेराड़ी

33. इन्द्रगढ़ (बूँदी) व शाहबाद, किशनगंज (बारां) में बोली जाने वाली बोली है?
(1) मेवाती (2) हाड़ौती
(3) राजावाटी (4) मालखैराड़ी

34. निमाड़ी बोली राजस्थान के किस क्षेत्र में बोली जाती है?
(1) दक्षिणी राजस्थान (2) पूर्वी राजस्थान
(3) उत्तरी राजस्थान (4) पश्चिमी राजस्थान

35. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) काठेड़ी बोली–जयपुर के दक्षिणी भाग में
(2) चौरासी बोली–जयपुर के दक्षिण पश्चिम व टोंक के पश्चिमी भाग में
(3) राजावाटी बोली– जयपुर के पूर्वी भाग में
(4) तोरावाटी– जयपुर के दक्षिणी भाग में

36. बहरोड़, मंडावर (अलवर), कोटपुतली (जयपुर) में बोली जाती है?
(1) खेराड़ी (2) थली
(3) ढाटी (4) अहीरवाटी

37. बाड़मेर में बोली जाने वाली बोली है?
(1) शेखावाटी (2) ढ़टकी
(3) ढ़ाटी (4) चौरासी

38. जयपुर के दक्षिणी भाग में बोली जाती है?
(1) अहीरवाटी (2) काठेड़ी
(3) जगरौती (4) खैराड़ी

39. जयपुर जिले के पूर्वी भागों में बोली जाने वाली बोली है?
(1) काठेड़ी (2) राजावाटी
(3) धावड़ी (4) मालखैराड़ी

40. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) मालवी बोली मुख्यतः प्रतापगढ़, झालावाड़ में बोली जाती है।
(2) रागड़ी बोली मालवा क्षेत्र में बोली जाती है।
(3) ब्रज बोली भरतपुर, धौलपुर में बोली जाती है।
(4) झाड़शाही बोली झालावाड़ में बोली जाती है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication